







# मैंने अपने बेटे को खोया है, किसी का बेटा सड़क दुर्घटना का शिकार न हो

## भाजपा जिलाध्यक्ष रवि पांडे ने स्वं .मयंक पांडे की स्मृति में सुरक्षा को लेकर हेलमेट का वितरण किया

**शाजापुर, 20 दिसंबर.एक साल पहले एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांडे परिवार ने अपने पुत्र, दामाद व भतीजे को सड़क दुर्घटना में खो दिया था. सड़क दुर्घटना में और किसी का परिवार आहत ना हो इसके लिए सुरक्षा जरूरी है. भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने अपने पुत्र स्वं. मयंक पांडे की स्मृति में मक्सी में एक श्रद्धांजलि सभा रखी. सभा के बाद पांडे ने अपनी की कि सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट लगाएं, कार चलाते समय सीट बेल्ट. इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को हेलमेट का वितरण भी किया.**

गौरतलब है कि आज से एक साल पहले मक्सी के पांडे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा था. सड़क

### जीवन बचाओं, हेलमेट लगाओं ...

स्वं. मयंक पांडे की स्मृति में आम लोगों को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. पांडे ने हेलमेट पहनकर जीवन बचाओ, हेलमेट लगाओ का संदेश दिया. सड़क दुर्घटना से बचने के लिए हेलमेट की अनिवार्यता रखें, हर आदमी को खुद अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाना होगा. काफी हद तक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने से सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है. हेलमेट खुद की सुरक्षा के लिए है और हम सुरक्षित रहेंगे तो हमारा परिवार सुरक्षित रहेगा.



दुर्घटना में उनके युवा पुत्र, दामाद और भतीजे की मौत हो गई थी. स्वं. मयंक पांडे की स्मृति में पांच दिवसीय सेवा प्रकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें रक्तदान के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में शाजापुर विधायक अरूण भीमावद ने स्वं. मयंक पांडे को याद करते हुए कहा कि हमने एक अच्छा स्वयंसेवक, एक सनातनी पुत्र, एक संस्कारी युवा खो दिया है. सनातन के लिए मयंक पांडे ने जो काम किए उसके लिए वे हमेंशा सबके दिलों में रहेंगे. यह ऐसी घटना थी जिससे पूरे जिले में शोक व्याप्त हो गया था. विधायक भीमावद ने सभी लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, सीट बेल्ट लगाकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें. इस अवसर पर सांसद महेंद्र सोलंकी ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. पांडे के परिवार की क्षति को भाजपा परिवार की क्षति बताया.



श्रद्धांजलि सभा में मंत्री इंदरसिंह परमार, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक जसवंतसिंह हाड़ा, संतोष जोशी, आशीष नागर, रामवीरसिंह सिकरवार, गोविंद नायक, उमेश टेलर, शीतल भावसार, आगर भाजपा जिलाध्यक्ष, विकास सिंदल, सुनील नानू पंडया, दयाराम मंडलोई, कृष्णा भावसार, हंसराज जैन, संजय जैन, हरिश पांडे, योगेश भावसार, ऋषि पारिख, राकेश चौधरी, अनुराग अग्रवाल के अलावा यातायात शाजापुर प्रभारी, मक्सी थाना प्रभारी, एडीशनल एसपी, एसडीओपी सहित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस अवसर पर मुरलीधरकृपा के चेयरमेन एमपी मानसिंगका भी मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन शरद रावल ने किया एवं आभार रवि पांडे, जितेंद्र पांडे, विजय पांडे ने माना.



## एक नजर में

### औचक निरीक्षण में अनुमति से ज्यादा मिली लकड़ियां



**शाजापुर, 20 दिसंबर.** जिले के सुंदरसी में वन विभाग ने अवैध लकड़ी संग्रहण पर बड़ी कार्रवाई की है. सुंदरसी क्षेत्र में एक अनुज्ञप्तिशुदा आरामशीन का औचक निरीक्षण कर लाइसेंस से अधिक मात्रा में संग्रहित लकड़ी जब्त की गई, जिसके बाद आरामशीन को सील कर दिया गया. वनमंडलाधिकारी शाजापुर के निर्देश पर परिक्षेत्र शाजापुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुंदरसी स्थित मम्मू खां पिता जुम्मे खां की आरामशीन का निरीक्षण किया. जांच में पाया गया कि आरामशीन परिसर में अवैध लकड़ी चिरान पंजी में दर्ज मात्रा से अधिक लकड़ी का अवैध रूप से भंडारण किया गया था. इस गंभीर उल्लंघन पर वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संग्रहित लकड़ी को विधिवत जब्त किया. वहीं मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा 8 और 9 के तहत वन अपराध प्रकरण शनिवार को दर्ज किया गया है. कार्रवाई के तहत संबंधित आरामशीन का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है. वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध लकड़ी कारोबार पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी सघन जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी.

### मानव श्रृंखला बनाकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस



**शाजापुर, 20 दिसंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मानव श्रृंखला बनाकर मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा ने की, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों के बीच आपसी एकता और सहयोग को बढ़ावा देना व असमानता और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ एकजुट होना है. इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने कहा कि आज के समय में जब दुनिया आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव, युद्ध और जलवायु संकट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तो मानव एकता का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है. कार्यक्रम में प्रो. मीनू गिडवानी, डॉ.श्वेता चौहान, डॉ.निलेश महाजन, डॉ.सुनील आडवानी, डॉ.बीएल मालवीय, विनोद परमार,एमवाय खान सहित समस्त स्टाफ सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की.

### हरदा के लिए रवाना हुए सर्व समाज के लोग



**शाजापुर, 20 दिसंबर.** जिले से करणी सेना परिवार और सर्व समाज के लोगों का काफिला शनिवार को हरदा के लिए रवाना हुआ. यह काफिला 21 दिसंबर को हरदा में आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन में शामिल होगा. आंदोलन का मुख्य उद्देश्य 21 सूत्रीय मांगों को उठाना और हरदा में पुलिस के छात्रावास में किए गए लाठीचार्ज के दोषियों पर कार्रवाई की मांग करना है. यह काफिला प्रदेश संगठन मंत्री अजीतसिंह खड़ी डोडिया और जिला अध्यक्ष सोनू बना सापखेड़ा के नेतृत्व में शाजापुर जिला कार्यालय से दोपहर में रवाना हुआ. इसमें करणी सेना के कार्यकर्ताओं के साथ साथ सर्व समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल थे. रवाना होने से पहले, कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया और न्याय आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया. यह काफिला बुमतलाई माता जी, गुलाना और शुजालपुर होते हुए हरदा पहुंचेगा. कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं और कथित लाठीचार्ज के दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा.

### पं. शर्मा का सम्मान किया

**शुजालपुर,20 दिसंबर.** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया ने पंडित हेमंत शर्मा को राष्ट्रीय गोरक्षा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर सम्मान किया गया. इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत, प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल द्वारा शाल श्रीफल, पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया. पंडित शर्मा ने कहा कि मुझे संगठन में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करूंगा. इस अवसर

# भीमावद 100 गाड़ियों के काफिले के साथ भोपाल पहुंचकर सीएम को बोलेंगे थैंक्यू

## शाजापुर को मेट्रोपोलिटन रीजन में शामिल करने पर जताएंगे आभार

**शाजापुर, 20 दिसंबर. शाजापुर जिले को इंदौर के मेट्रोपोलिटन रीजन में शामिल किया गया है. शाजापुर जिले के लिए विकास की दिशा में यह नया कदम है. पिछले माह मक्सी में आठ हजार करोड़ के उद्योग की स्थापना के लिए भूमिपूजन हुआ और दो दिन पहले ही इंदौर में बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन में शाजापुर को भी शामिल किया जाए. विधायक अरूण भीमावद के अथक प्रयास से शाजापुर इस मेट्रोपोलिटन रीजन का हिस्सा बना है. इसके लिए आज शाजापुर विधानसभा से हजारों भाजपा कार्यकर्ता 100 वाहनों से मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर इस सौगाथ के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे.**

गौरतलब है कि अपने दो साल के कार्यकाल में शाजापुर विधायक अरूण भीमावद ने रोजगार की दिशा में उद्योग स्थापित किए. शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज, आवागमन के



क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण, किसानों के खेतों में पानी पहुंचे इसके लिए नर्मदा जलयोजना सहित कई विकास कार्य शाजापुर विधानसभा में मूर्तरूप लेने की तैयारी में है. कुछ काम शुरू हो गए हैं तो कुछ विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है. साल 2027 तक शाजापुर जिले को आठ हजार करोड़ की लागत से स्थापित होने वाला कारखाना मिलेगा, जिसमें चार हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा. शाजापुर शहर को फोरलेन की सौगात और ग्रामीणों के लिए बायपास का उपहार. साथ ही किसानों को खेतों के लिए नर्मदा से पानी भी मिलेगा. यह सब विकास कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की शाजापुर विधानसभा पर विशेष अनुकंपा और विधायक अरूण भीमावद की विकास कार्य को लेकर लगातार सक्रियता के कारण संभव हो सका है. इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन में शाजापुर को शामिल करने पर शाजापुर विधानसभा से हर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक सीएम हाउस पहुंचकर आभार एवं स्वागत करेंगे.

### काफिले के साथ पहुंचकर सीएम को कहेंगे ध्यन्यवाद

रविवार को शाजापुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों और भाजपा विधायक अरूण भीमावद के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ता भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे. वहां वे डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर शाजापुर को मेट्रोपोलिटन रीजन में शामिल करने पर आभार व्यक्त करेंगे.

## शनिश्चरी अमावस्या पर शनि मंदिर पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**सोयतकला,20 दिसंबर. डोंगरगांव से 3 किलोमीटर दूर उज्जैन चवली नेशनल हाईवे मार्ग मालवा हाडोती सीमा संगम चवली नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन प्रसिद्ध श्री शनि देव मंदिर पर शनिवार को शनिचरी अमावस्या पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.**

मालवा हाडोती क्षेत्र से दर्शन के लिए पधारे सैकड़ों की संख्या में शनि देव भक्तों ने शनिदेव महाराज को काला तिल, काला कपड़ा ,काले उड़द के दाने तथा तेल अर्पित किए. भक्तों ने महाआरती में सम्मिलित होकर घर परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की. शनि देव महाराज के दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करने के लिए महिलाओं एवं पुरुषों के लिए समिति द्वारा अलग-अलग एक विशेष व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े. वहीं महा आरती के बाद महा प्रसादी का वितरण किया गया.

#### पुलिस जवानों की लगाई ड्यूटी तैनात रहे पुलिसकर्मी

थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा द्वारा शनिचरी अमावस्या पर यातायात व्यवस्था और आने वाले भक्तों को सुगम दर्शन हो इसके लिए पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई. जिन्होंने सुबह से लेकर रात्रि 8 बजे तक यातायात व्यवस्था संभाली, वहीं थाना प्रभारी द्वारा भी शनि देव मंदिर दर्शन कर निरीक्षण किया.

### पंचायतों के उप निर्वाचनके लिए शराब की ब्रिकी पर प्रतिबंध

**शाजापुर, 20 दिसंबर.** पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध के लिए मतदान अवधि में शराब दुकानें, शराब का क्रय विक्रय बंद रखने के निर्देश दिये गये है. जिसके तहत जिले में 01 सरपंच पद का निर्वाचन होना है. जनपद पंचायत मो.बड़ोदिया के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जामन में सरपंच पद के लिए मतदान 29 दिसम्बर को संपन्न होना है. डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आयोग के निर्देशानुसार उक्त ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के उप निर्वाचन के मामले में पूरी ग्राम पंचायत की भौगोलिक सीमा में स्थित शराब की सभी दुकानें मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय से 48 घंटे पूर्व से बंद रखी जाएगी.

### दूसरे दिन भी पुलिसकर्मियों को मिले हेल्थ टिप्स

**शाजापुर, 20 दिसंबर.** पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के शारीरिक,मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत दूसरे दिन भी विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया. इन आयोजनों का लक्ष्य पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ाना और तनाव प्रबंधन में सहायता करना है. दूसरे दिन शनिवार को हार्टफुलनेस अभ्यास पर आधारित एक ट्रेनिंग वर्कशाप आयोजित की गई. इसमें पुलिस अधिकारी.कर्मचारियों को हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन ध्यान और प्रार्थना का अभ्यास कराया गया. हार्टफुलनेस संस्था की जिला समन्वयक अभिलाषा श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों को ध्यान और रिलैक्सेशन के लाभों के बारे में जानकारी दी.

# मोहन बड़ोदिया में नलजल योजना का कार्य भगवान भरोसे

## नगर में जगह-जगह गड्ढे, पुरानी पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त

**मोहन बड़ोदिया, 20 दिसंबर. मोहन बड़ोदिया में नलजल योजना का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा. मोहन बड़ोदिया के नलखेड़ा रोड़ के चार वार्डो में कार्य पूर्ण किए एक माह से ज्यादा का समय हो गया. टेस्टिंग के दौरान जगह-जगह पानी लीकेज की समस्या आ रही.**

मोहन बड़ोदिया के श्रीकृष्ण मंदिर और दाऊजी मंदिर के समीप लाइन खोदे और बिछाए एक माह से ज्यादा का समय हो गया ऐसे में वार्ड क्रमांक 1 से 4 की नालियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, ऐसे में नालियों का पानी मोहल्ले की गलियों में फैल रहा है, गंदगी नालियों की बजाय बाहर सड़कों पर बह रही है. जिससे मच्छर पनप रहे है, मोहन बड़ोदिया के प्रेमसिंह मंडलोई ने मीडिया से चर्चा कर कहा कि श्री



कृष्ण मंदिर और दाऊजी मंदिर के दर्शन करने आने वाले सैकड़ों श्रदालुओं को इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है.

#### फारेस्ट कॉलोनी सिर्फ एक बोरवेल के भरोसे...

ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर पाटीदार ने मीडिया से चर्चाकर कहा कि ठेकेदार और डीएम को अवगत करवा दिया कि जहां कार्य पूर्ण हो गया वहां के वाल लगाकर जल आपूर्ति की जाए. नलजल योजना के कारण ग्राम पंचायत की पुरानी पाइप लाइन भी डेमेज कर दी गई. ऐसे में गांव के दर्जनों वार्डों को पानी नहीं मिल पा रहा. वही खुदाई के कारण गांव की सीसीरोड और नालियों को पूर्णत: क्षतिग्रस्त कर दिया गया है.

#### इनका कहना है

*इस मामले में जल निगम के अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहना था कि आपके माध्यम से पता चला है. जल्द ही दिखवाते है और जनवरी तक कार्य को अंतिम प्रगति दी जाएगी. दिसम्बर अंतिम चल रहा है और कार्य सुस्त हो रहा. ऐसे में अधिकारियों के दावे कितने सच होंगे समय बताएगा. लेकिन आमजन को अभी राहत नहीं है.*

***- सचिन दांगी, जल निगम अधिकारी***


## एक नजर में

### कार्यशाला का आयोजन कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

# मक्सी में उद्योग को बढ़ाने के लिए लघु उद्योग भारती की पहल

**शाजापुर, 20 दिसंबर. भारत सरकार की रेम्प ( राइजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस )योजना अंतर्गत लघु उद्योग भारती के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शिशु वाटिका मक्सी में किया गया.**

युवा उद्यमी एवं उद्योगपतियों द्वारा आयोजित कार्यशाला में भारत सरकार की झेडईडी, एलईएएन, आईपीआर एवं मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख एमएसएमई विकास नीति 2028 की जानकारी प्रदाय की गई. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के एमएसएमई इकाईयों को उनके द्वारा की जा रही निर्माण गतिविधि में उत्पादन लगात को कम करना, उत्पादन के दौरान किए जा रहे किसी भी प्रदूषण एवं अपशिष्ट को कम करना, शासन की





अनुदान सहायता से लाभान्वित करना, इस प्रकार उद्योगों का सर्वांगीण विकास करना था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे रहे एवं अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती दिनेश तिवारी ने की. विशेष अतिथि महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र नवीन शुक्ला रहे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. पांडे ने आह्वान किया कि युवा पीढ़ी उद्योग एवं व्यापार की ओर अपना ध्यान दें एवं शासन की योजनाओं का लाभ लें. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा लघु उद्योग भारती का उद्देश्य सूक्ष्म लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का है, इसी विषय को लेकर मक्सी में कार्यशाला का आयोजन किया गया. शासन की विभिन्न योजनाओं की आप तक जानकारी पहुंचाई जा रही है जिसका आप उपयोग कर अपना व्यवसाय उद्योग को बढ़ाएं. कार्यशाला में नगर पंचायत प्रतिनिधि महेंद्र सिंह पटेल, लोकेंद्र सोनी, गजेंद्र सिंह सिकरवार, अखिलेश मंडलोई, गोविंद पटेल, कुमारी इशिका पाटीदार, आलोक बंसल, किशोर प्रजापत, बद्रीलाल जाट, ऋषि पारीक, संजय नेमा, दिनेश पांचाल, अशोक पांचाल, विष्णु पाटीदार, हरि गर्ग एवं जिले के उद्योगपति और नवीन उद्यमी मातृशक्ति उपस्थित रहे. संचालन सुभाष मंडलोई ने किया. आभार लघु उद्योग भारती शाजापुर इकाई के अध्यक्ष किशोर प्रजापत ने माना.

### भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 अंतर्गत उद्योग विकास अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण पर अनुदान, विभिन्न क्लस्टर सेक्टर आधारित अनुदान योजना के बारे में जानकारी दी. साथ ही एमएसएमई भूमि आवंटन नियम के तहत आसान पारदर्शी प्रक्रिया से कम दरों पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया से अवगत कराया. इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर की गई.

### जिला पंचायत सीईओ ने दिया मार्गदर्शन

**शाजापुर, 20 दिसंबर.** जिपं सीईओ अनुपमा चौहान ने बैंक आफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर का निरीक्षण किया. जिसमें जिला पंचायत सीईओ द्वारा राजमिस्त्री विषय पर एक माह तक आयोजित प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई. साथ ही आरसेटी में फस्ट फूड विषय पर चल रहे प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी और आरसेटी का निरीक्षण किया गया. इस मौके पर जिला पंचायत आवास शाखा से जिला प्रबंधक बघेल, एनआरएलएम शाखा से जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार बलवंत शितोले, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज जोशी, जिला अग्रणी प्रबंधक विनोदकुमार कुशवाह, निदेशक सत्यवीरसिंह चौहान, संकाय राजेश परमार सहित मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे.